

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919



शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


# दो दिन में 62 नामांकन पत्र बिके, एक प्रत्याशी ने दाखिल किया पर्चा

## सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से प्रतापगढ़ के प्रेमचंद्र ने भरा पर्चा, शुक्रवार को लोकसभा के लिए 6 व ददरौल उपचुनाव को 8 नामांकन पत्र बिके

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव व ददरौल उपचुनाव के लिए कलेक्ट्रेट में दो दिन से नामांकन प्रक्रिया चल रही है। अब तक कुल 62 नामांकन पत्र बिक चुके हैं। पहले दिन 48 और दूसरे दिन 14 नामांकन पत्र बिके। इस तरह दोनों दिन लोक सभा व विधान सभा उप चुनाव के लिए कुल 62 नामांकन पत्र बिके हैं। दो दिन में एक प्रत्याशी ने लोक सभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है।

- **सुरक्षा व्यवस्था को मेटल डिटेक्टर व पर्याप्त पुलिस फोर्स जगह-जगह रहा तैनात**

दूसरे दिन भी नामांकन पत्र खरीदने व नामांकन करने के लिए प्रत्याशी व उनके प्रस्तावक पहुंचे। जिसमें लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए 5 उम्मीदवारों ने 6 नामांकन पत्र सेट व ददरौल उपचुनाव के लिए 4 प्रत्याशियों ने 8 नामांकन पत्र खरीदे। वहीं लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से प्रेमचंद्र हरिजन पुत्र लालजी हरिजन निवासी ग्राम पूरे खिरोधर सरसतपुर ग्राम बहुता जनपद प्रतापगढ़ ने अपने साथ दस प्रस्तावकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम उमेश प्रताप सिंह के समक्ष दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने वाले प्रेमचंद्र किसान हैं।


नामांकन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार


सेंट पॉल्स स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त करते मतदान कार्मिक। ● अमृत विचार

### दूसरे दिन इन्होंने खरीदे नामांकन पत्र

- रामनिवास पुत्र परागूलाल, भारतीय कृषक दल
- बबीता पत्नी सुरेश चंद्र, निर्दलीय
- रमेश चंद्र वर्मा पुत्र पुत्तूलाल, मानव क्रांति पार्टी
- सुरेश पुत्र चेतराम, भारतीय मजदूर पार्टी
- रामकुमार पुत्र रामपाल, सुभाषचंद्र बोस पार्टी

### उपचुनाव ददरौल के लिए इन्होंने खरीदे नामांकन

- विमलेश कुमार पुत्र रेवती लाल, आजाद अधिकार सेना पार्टी
- प्रमोद कुमार यादव पुत्र पहलवान सिंह, भारतीय कृषक दल
- आनंद कुमार पुत्र बल सिंह, आजाद समाज पार्टी
- सर्वेश चंद्र मिश्रा धांधू पुत्र राममूर्ति मिश्रा, बहुजन समाज पार्टी

### गुरुवार को 48 ने खरीदे थे नामांकन पत्र

लोकसभा चुनाव एवं ददरौल विधानसभा उपचुनाव की नामांकन की प्रक्रिया के दौरान गुरुवार को पहले दिन कोई नामांकन तो नहीं हुआ था, लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए 31 और ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिए 17 नामांकन पत्र खरीदे गए थे। संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अरुण सागर ने चार, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजेश मौर्य ने तीन, बहुजन समाज पार्टी से दोदराम ने चार के अलावा कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने एक सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी ने दो, संयुक्त विकास पार्टी ने दो, आजाद अधिकार सेना ने एक, भारतीय भाईचारा पार्टी ने एक, राष्ट्रीय संचार दल ने दो और चार निर्दलीयों ने 11 नामांकन पत्र खरीदे थे। इसी तरह ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी अरविंद सिंह ने चार, समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अवधेश वर्मा ने चार, राष्ट्रीय महान गणतंत्र पार्टी ने एक पत्र खरीदा गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस आजाद पार्टी ने एक और निर्दलीय प्रत्याशियों ने सात नामांकन पत्र खरीदे थे। इस तरह कुल 17 नामांकन पत्र बिके थे।

# 18 ऑब्जर्बर, 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट रहे प्रशिक्षण से अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज में चल रहे मतदान प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को माइक्रो ऑब्जर्बर, सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान चुनावी ड्यूटी कटवाने के लिए भी महिलाएं और पुरुष सीडीओ के पास चक्कर लगाते रहे।

- **अनुपस्थित मतदान कार्मिकों में 100 फिर नहीं पहुंचे**

जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह और सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने प्रशिक्षण का निरीक्षण कर सभी का उत्साहवर्धन किया। प्रशिक्षण में 498 माइक्रो ऑब्जर्वर में 18 अनुपस्थित रहे, इसी तरह 278 सेक्टर मजिस्ट्रेट में 11 अनुपस्थित रहे, जिनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिए अधिकारी रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। वहीं, दूसरी शिफ्ट छूटे 142 मतदान कार्मिकों को बुलाया गया था। जिनमें 42 ने आकर प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया। जबकि 100 कार्मिक नहीं आए। जिनकी सूची तैयार की जा रही है। द्वितीय प्रशिक्षण चार से नौ मई तक कराया जाएगा। लोकसभा चुनाव व ददरौल उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों का द्वितीय प्रशिक्षण इस बार चार से नौ मई के बीच सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज और नालंदा विद्यालय में दो शिफ्टों में कराया जाएगा। जिसमें सभी लगभग 12 हजार कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### फ्लाइंग स्क्वाड ने अब तक बरामद किए 14,65,300 रुपये

लोकसभा और ददरौल विधानसभा उपचुनाव में मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए इस्तेमाल होने वाली नकदी की बरामदगी के लिए एफएसटी की 60 टीमें लगाई गई हैं। 20-20 टीमें आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में जनपद में तैनात रहती हैं। ये संदिग्ध वाहनों को रोककर जांच करती हैं। अब तक 14,65,300 रुपये की नकदी जब्त की जा चुकी है। एफएसटी टीम ने बुधवार को मदनापुर- कांट रोड पर जिंद वाली पुलिया से एक बाइक सवार से 1,02,400 रुपये जब्त किए। वह रकम के बारे में कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दे सका। रकम को राजकीय कोषागार में जमा करा दिया गया है। इससे पहले चार अप्रैल को एफएसटी टीम ने सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में हरदोई सीमा के पास चेकिंग के दौरान एक कार से 9,62,900 रुपये जब्त किए थे। कार में दो व्यापारी सवार थे। वे रकम अपनी होने का अब तक कोई साक्ष्य नहीं दे सके हैं। टीम ने 20 मार्च को थाना कटरा क्षेत्र में ओवरब्रिज से गुजर रही कार से चार लाख रुपये जब्त किए थे। कार में चार लोग सवार थे। नकदी कोषागार में जमा करा दी गई है। एडीएम संजय कुमार पांडेय ने बताया कि 20 टीमें लगातार जनपद में सक्रिय रहती हैं। संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही है। अब तक 14 .65 लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की जा चुकी है।

### 25 तक करा सकेंगे नामांकन

नामांकन पूर्वाह्न 11 :00 बजे से अपराह्न 3 :00 बजे के मध्य किए जा रहे हैं। अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी। 29 अप्रैल को अपराह्न 3 :00 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। चतुर्थ चरण का मतदान 13 मई को होगा।

## एक नजर

### तमंचा लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना के उप निरीक्षक अशोक कुमार को शुक्रवार की सुबह नौ बजे सूचना मिली कि रेलवे ओवरब्रिज के निकट एक शातिर अभियुक्त खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से तमंचा तथा एक कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया अभियुक्त मुकेश कुमार निवासी मठिया कालोनी थाना रोजा है। अभियुक्त पर पहले से दो मुकदमे विभिन्न धाराओं के दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

### युवक ने खाया विषाक्त पदार्थ

**पुवायां।** जेवां गांव निवासी 26 वर्षीय आलोक मिश्रा ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहर खाने की वजह पर परिजन चुप हैं।

### युवक ने फंदे पर लटकर जान दी

**शाहजहांपुर।** पारिवारिक कलह को लेकर शहर के मोहल्ला सिंजई में एक युवक फंदे पर लटक गया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। चौक कोतवाली के मोहल्ला सिंजई निवासी 32 वर्षीय अंकित द्विवेदी गुरुवार की शाम 5 बजे कमरे में गले में दुपट्टे का फंदा लगाकर लटक गया। परिवार वालों ने देखा तो उसे फंदे से उतार लिया और जिला अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान अंकित की रात में मौत हो गई। डॉक्टर ने मेमो कोतवाली को भेजा। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर अस्पताल गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पारिवारिक कलह को लेकर युवक ने आत्महत्या की है।

### मारपीट में युवक घायल

**शाहजहांपुर।** बाइक टकराने के बाद दो युवकों में मारपीट हो गई। लोगों ने बीच बचाव कराया। शुक्रवार शाम बरेली रोड की ओर से आ रहे युवक की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। इसके बाद दोनों बाइक सवार युवकों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।

# गेहूं की बाली बीनने गई किशोरी से छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** गेहूं कटाई के बाद खेत में बाली बीनने गई किशोरी को दो युवकों ने गलत इरादे से पकड़ने का प्रयास किया। विरोध करने पर किशोरी की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। बचाने पहुंचे पिता के साथ गाली-गलौज की। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर छेड़छाड़ आदि धाराओं में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

- **बचाने पहुंचे पिता से की गाली-गलौज, रिपोर्ट दर्ज**

क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 अप्रैल को उसकी 16 वर्षीय पुत्री गांव के बाहर खेत में गेहूं की बाली बीनने गई थी। उसी समय गांव नवदिया मनकंठ निवासी आनंद और अनुराग भी वहां पहुंच गए और बेटी को अकेला समझकर उसे गलत नीयत से पकड़ने का प्रयास किया। बेटी ने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उसकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी। किशोरी के पिता ने बताया कि इसी बीच वह भी मौके पर पहुंच गया, तो आरोपियों ने उससे भी गाली-गलौज की। इसके बाद पीड़ित व्यक्ति अपनी पुत्री को लेकर थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। शुक्रवार को पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक, कंबाइन से गेहूं की कटाई हुई थी। उस वक्त किशोरी बाली बीनने खेत में चली गई। दोनों युवकों के मना करने पर विवाद हो गया था। रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना की गहनता से जांच कराई जा रही है।

# पानी मिलाकर कार में पेट्रोल डालने का आरोप

**पुवायां, अमृत विचारः** नगर की राइस मिल कॉलोनी निवासी सुधीर गुप्ता ने बताया कि उन्होंने बुधवार रात एक पेट्रोल पंप से कार में 4992 रुपये का पेट्रोल भरवाया। इसके बाद कार लगभग 200 मीटर चलकर बंद हो गई, फिर स्टार्ट ही नहीं हुई।

आरोप लगाया कि सेल्समैन ने पेट्रोल के नाम पर पानी भर दिया। मरम्मत में दो लाख रुपये का खर्च बताया गया है। वहीं जुझारपुर निवासी सुभाष बाजपेयी ने पेट्रोल पंप पर मिलावटी पेट्रोल बेचने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार राय ने बताया कि तहरीर को जिला पूर्ति अधिकारी को भेज दिया है क्योंकि बिना उनकी परमिशन के रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा सकती है। जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी। इधर, पेट्रोल पंप स्वामी के अनुसार पूर्ति निरीक्षक और कंपनी के सेल्स अधिकारी के सर्वे में सब सही मिला।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। तिलहर क्षेत्र में लाल पंप के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की मौत हो गयी। इधर खुदागंज क्षेत्र सड़क पार करते समय बोलेरो ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। घायल की मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी।

- **तिलहर और खुदागंज क्षेत्र में हुए हादसे**


मृतक शमशाद।

**तिलहर।** कटरा थाना क्षेत्र के गांव फीलनगर निवासी शमशाद (52) की बेटी तबस्सुम तिलहर क्षेत्र में रहती है। गुरुवार को दिन में वह किसी काम से अपनी बेटी के यहां आया था। वह रात साढ़े आठ बजे बाइक से तिलहर से कटरा जा रहा था। हाईवे पर लाल पंप के सामने किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार शमशाद घायल हो गया। उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। चालक वाहन लेकर भाग गया। तिलहर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इधर सूचना मिलने पर घायल के परिवार वाले मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। इलाज के दौरान देर रात शमशाद की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी घर में परचून की दुकान है। उसकी पत्नी का नाम वसीमा बेगम और चार बच्चे हैं। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

**खुदागंज।** थाना क्षेत्र के गांव वरुआ पेहना निवासी जगवीर सिंह (55) के रिश्तेदार की बरात खुदागंज क्षेत्र में गुरुवार की रात नौ बजे जा रही थी। जगवीर बोलेरो में सवार थे। बोलेरो के पीछे अन्य वाहन थे। लोगों ने कहा कि बोलेरो रोक लो और अन्य वाहन आ जाने दो। खुदागंज थाना क्षेत्र में कमलापुर गांव के सामने बोलेरो रोक दी। जगवीर बोलेरो से उतरकर लघुशंका करने के लिए जा रहे थे। सड़क पार करते समय दूसरी बोलेरो ने टक्कर मार दी, जिससे जगवीर सिंह घायल हो गए। सूचना पर खुदागंज पुलिस पहुंची। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। घायल की शुक्रवार की सुबह मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल

**संवाददाता, बंडा, अमृत विचार :** आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें से दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बंडा के गांव पडरिया दलेलपुर निवासी रामसेवक (27), राजन (18) व गांव सैदापुर निवासी मोहित (21) शुक्रवार को बंडा किसी काम से आए थे। दोपहर बाद बंडा से घर वापस जा रहे थे, वहीं पुवायां की तरफ से आ रहे जिला मेरठ निवासी अनूप फजलपुर के थाना कंकर खेड़ा निवासी जितेंद्र सिंह (37) की बाइक बंडा पुवायां मार्ग पर बिजली घर के पास आमने-सामने टकरा गई। जिसमें चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से जितेंद्र सिंह व राजन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं रामसेवक व मोहित की हालत में सुधार है, जिनका सीएचसी पर इलाज चल रहा है।

- **दो की हालत गंभीर, जिला अस्पताल किया गया रेफर**

# ससुर की हत्या करने का आरोपी दामाद गिरफ्तार, तमंचा बरामद

कार्यालय संवाददाता, रौसर कोठी/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** ससुर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में रामचंद्र मिशन पुलिस ने हत्यारोपी दामाद संजय को हरदोई बाईपास चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस बरामद किया है। आरोपी दामाद ने एक सप्ताह पूर्व तीन लाख रुपये न देने पर ससुर को मार डाला था। पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।


पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी संजय उर्फ सज्जन।

- **एक सप्ताह पूर्व की थी ससुर की हत्या, तीन लाख रुपये की मांग करता था**

चौक कोतवाली के मोहल्ला भारद्वाजी निवासी सालिगराम ने अपनी बेटी खुशबू की शादी संजय उर्फ सज्जन निवासी बाईबाग कालोनी थाना सदर बाजार के साथ की थी। संजय तीन लाख रुपये की मांग को लेकर खुशबू को प्रताड़ित किया करता था। वह अपनी बेटी खुशबू को लेकर ससुराल से आ गया था। उसकी बेटी उसके पास रह रही थी। सालिगराम की बड़ी बेटी दीपमाला रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला लालबाग रौसरकोठी में रहती है। 11 अप्रैल को वह अपनी पत्नी रामदेवी तथा बेटी खुशबू को लेकर बड़ी बेटी दीपमाला के घर पर गया था। 12 अप्रैल को दिन में चार बजे उसका दामाद संजय अपने भांजे अंकुर निवासी रौसरकोठी थाना रामचंद्र मिशन के साथ बाइक से दीपमाला के घर पर आया। आरोपी संजय ने घर के दरवाजे पर सालिगराम से कहा कि तीन लाख रुपये के साथ खुशबू को मेरे साथ भेज दो। उसने भेजने से मना कर दिया। आरोपी संजय ने तमंचे से ससुर की गोली मारकर हत्या कर दी थी और भाग गया था। मृतक की पत्नी रामदेवी ने दामाद संजय तथा अंकुर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपी अंकुर को पहले गिरफ्तार कर चुकी थी और मुख्य अभियुक्त संजय फरार था। रामचंद्र मिशन प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला को शुक्रवार की सुबह सवा दस बजे सूचना मिली कि हत्यारोपी संजय हरदोई बाईपास चौराहे पर खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस बरामद कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह, सिपाही रवि शर्मा, शुभम झा थे।

# फर्रुखाबाद से आ रहे युवक का रोडवेज पर मिला शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** रोडवेज बस अड्डा परिसर में एक युवक का शव मिला है। मृतक निगोही क्षेत्र का रहने वाला था और फर्रुखाबाद में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। मृतक के भाई ने पोस्टमार्टम हाउस पर जाकर शव की शिनाख्त की।

- **आधार कार्ड से हुई पहचान निगोही का रहने वाला था**
- **फर्रुखाबाद में प्राइवेट कंपनी में काम करता था मनोज**

सदर बाजार पुलिस को शुक्रवार की सुबह सात बजे सूचना मिली कि रोडवेज बस अड्डा परिसर में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा है। पुलिस बस अड्डे परिसर में गयी और अज्ञात युवक के शव को कब्जे में लिया। उसकी उम्र 27 साल है। उसके पास कपड़ों से भरा बैग था।

पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड मनोज कुमार निवासी दिलावरपुर थाना निगोही के नाम से बना था। सदर बाजार पुलिस ने निगोही पुलिस को सूचना दी। निगोही पुलिस ने गांव में जाकर उसके परिवार वालों को जानकारी दी। अजयपाल सिपाहियों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचा और शव की शिनाख्त अपने भाई मनोज कुमार के रूप में की।

अजय पाल ने बताया कि उसका भाई फर्रुखाबाद में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। उसकी दो दिन पहले फोन पर बात हुई थी कि शुक्रवार को छुट्टी लेकर घर पहुंच जाएंगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। उसकी पत्नी का नीरजा देवी और एक बेटा है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# ट्रेन से आ रहा युवक लापता

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला इन्दिरानगर कालोनी निवासी मकेंद्र पाल सिंह ने बताया कि उसके 18 वर्षीय पुत्र आयुष का इलाज बरेली से चल रहा है। शुक्रवार को वह अपने बेटे को लेकर बरेली दवा दिलाने के लिए ले गए थे। उन्होंने अपने बेटे को बरेली रेलवे स्टेशन पर बरेली-वाराणसी ट्रेन के एस-3 कोच में बैठाया। ट्रेन शाम छह बजे स्टेशन पर आकर रुकी तो वह ट्रेन से नीचे उतर गए, लेकिन बेटा नहीं उतरा है। उन्होंने बेटे की लापता होने की सूचना जीआरपी तथा आरपीएफ थाने को दी। पुलिस ने स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया, लेकिन कैमरे में वह नहीं दिखायी दिया। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां ने बताया कि उसकी तलाश की जा रही है।


लापता आयुष।

# एसपी ने पीएम के सभा स्थल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश


सभा स्थल का निरीक्षण करते एसपी अशोक कुमार मीणा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** बरेली मोड़ पर साउथ सिटी के सामने 25 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली चुनावी सभा को लेकर एसपी अशोक कुमार मीणा ने सभा स्थल का निरीक्षण किया।

- **सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर रहेगा पुलिस फोर्स**

एसपी अशोक कुमार मीणा ने शुक्रवार की दोपहर बरेली मोड़ पर पुलिस टीम के साथ सुरक्षा की दृष्टि से सभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने खाका तैयार किया कि कहां-कहां पर पुलिस फोर्स रहेगा। हैलीपेड तथा सभा स्थल आदि स्थानों पर कितना फोर्स रहेगा। साथ ही रूट डायवर्जन के बारे में देखा। प्रधानमंत्री की सुरक्षा की दृष्टि से पीलीभीत, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर से काफी मात्रा में पुलिस फोर्स आएगा। पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात रहेगा। साथ ही सभा स्थल पर माचिस, बीड़ी, सिगरेट आदि पर ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। निरीक्षण के समय एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सदर अमित चौरसिया, सीओ सिटी सौम्या पांडे, चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर रहे।

# नो एंट्री में निजी बस दुकानों से टकराई, छज्जा टूटा

## चूड़ी वाली गली के समीप बड़ा हादसा होने से टला, व्यापारियों की सूचना पर पुलिस ने चालक को पकड़ा

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** चूड़ी वाली गली के पास निजी बस अनियंत्रित हो गई। बस का एक साइड का हिस्सा दो दुकानों से रगड़ता हुआ चला गया। जिससे दुकानों का छज्जा टूटकर गिर गया। साथ ही दीवार में दरार पड़ गई। दुकान में रखा काउंटर, होर्डिंग आदि सामान टूट गया। पुलिस को सूचना देने के बाद चालक को पकड़ लिया और बस को कब्जे में लेकर थाने खड़ा करा दिया गया।

खुटार मेन मार्केट में बड़े वाहन अंदर प्रवेश न कर सकें, इसके लिए खुटार-बंडा चौराहा और तिकुनियां गुरद्वारा के पास पुलिस की तैनाती रहती है। वजह है कि खरीददारी करने वालों की दुकानों में भीड़ जमा रहती है और यहां आने वाले लोग बाइक सड़क पर खड़ी कर देते हैं। अतिक्रमण के चलते जाम लगने की नौबत हर वक्त रहती हैं। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे नो एंट्री के बावजूद एक निजी बस मेन मार्केट में अंदर आ गई। भीड़ के चलते चालक ने बस एक साइड में दबा दिया। इसी दौरान शहंशाह की रेडीमेड कपड़ों की दुकान और कपिल की क्लॉथ हाउस दुकान में बस रगड़ गई। बस से दुकान का छज्जा चटक गया और प्लास्टर टूटकर गिर गया। जबकि अन्य सामान टूट जाने से काफी नुकसान हो गया।

व्यापारियों की सूचना पर पहुंची पुलिस चालक और बस को थाने ले आयी। पुलिस के अनुसार, किसी ने तहरीर नहीं दी है। चालक को पकड़ लिया है और बस को खड़ा करा लिया गया है।


दुकान में घुसी निजी बस। ● अमृत विचार


दुकान में घुसी बस से टूटा दुकान का छज्जा।

- दुकान में रखा काउंटर, होर्डिंग आदि सामान टूट गया
- भीड़ के चलते चालक ने बस एक साइड में की थी

सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था। बस चालक को हिरासत में लिया गया है। किसी के द्वारा कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। **–संजय कुमार,** थानाध्यक्ष खुटार

# रोडवेज बस को टक्कर मारकर ट्रक में घुसी प्राइवेट बस, आठ घायल


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** पूरनपुर मार्ग पर गांव हिटौटा मोड़ के पास शुक्रवार रात करीब दस बजे जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा निघासन से उत्तराखंड के देहरादून जा रही मजदूरों से भरी प्राइवेट बस पीछे से रोडवेज बस को टक्कर मारने के बाद पूरनपुर की ओर से आ रहे ट्रक से से भिड़ गई। हादसे में आठ लोग घायल हो गए।

शुक्रवार को प्राइवेट बस में करीब 80 लोग सवार होकर देहरादून मजदूरी करने जा रहे थे। खुटार पूरनपुर मार्ग पर हादसा हो गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजय कुमार, दरोगा प्रमोद कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को खुटार अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने जनपद लखीमपुर खीरी के थाना सिंघाई के गांव चमरौता निवासी रिजवान, कस्बा मजगई के गांव बोधिया कलां निवासी अमन, सचिन को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जबकि घायल कस्बा निघासन के गांव झंडी निवासी बालक राम की पत्नी सुनीता देवी, आठ वर्षीय पुत्री ज्योति, गोविंद की मरहम पट्टी का छुट्टी दे दी गई।

## सीएचसी में गंदगी मिलने पर सीएमओ ने जताई नाराजगी



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को मेडिकल स्टोर की दवाएं नहीं लिखी जाएं और अस्पताल से ही दवा दी जाएं। सीएमओ ने देखा कि दोपहर 12 बजे तक ओपीडी में 232 मरीजों को देखा जा चुका था तथा मरीजों को औषधि वितरण की जा रही थी। एक्स-रे टेक्नीशियन पुष्पा ने बताया कि प्रतिदिन करीब 70 एक्स-रे किए जाते हैं। उसी दिन रिपोर्ट भी तैयार कर ली जाती है। जेएसवाई कक्ष में एक महिला प्रसूता भर्ती पायी गई। सीएमओ ने औषधि भंभर कक्ष का निरीक्षण किया। फार्मासिस्ट राज किशोर ने बताया कि दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध में है। सीएचसी पर गंदगी पाए जाने सीएमओ नाराजगी जतायी और सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय डॉ. करन सिंह, डॉ. आसिफ, डॉ. शोभित प्रताप सिंह, स्टाफ नर्स विनीता आदि मौजूद रही।

# दूसरे दिन भी जारी रहा पराविधिक स्वयं सेवकों का प्रशिक्षण


स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण संबंधी जानकारी देते न्यायिक अधिकारी पीयूष तिवारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का जनपद न्यायालय में तीन दिवसीय आयोजन

**अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जनपद न्यायालय में चल रहा तीन दिवसीय पराविधिक स्वयं सेवकों का एडवांस प्रशिक्षण दूसरे दिन भी जारी रहा। दूसरे दिन प्रशिक्षकों ने लोक अदालत के बारे में सभी को उपयोगी जानकारी दी।

इस अवसर पर प्राधिकरण सचिव पीयूष तिवारी ने कहा कि लोक अदालत में पारिवारिक विवाद, चालानी वाद, विद्युत वाद, एक्सीडेंटल वाद, राजस्व वाद आदि का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जाता है। उन्होंने प्री-लिटिगेशन वादों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति का कोई भी विवाद होता है और बगैर मुकदमा पंजीकृत किए ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र देता है, तो दूसरे पक्ष को नोटिस के माध्यम से बुलाकर उनमें भी सुलह समझौता कराने का प्रयास किया जाता है। इससे पहले अधिवक्ता मीडिएटर मासूम अली अंसारी, मधु मिश्रा, अतिरिक्त ट्रेनर पैनल लॉयर रविन्द्र त्यागी, प्रियंक सिंह राठौर, जिला कारागार के ट्रेनर डिप्टी जेलर अनिल कुमार विश्वकर्मा आदि ने स्वयंसेवकों को उपयोगी प्रशिक्षण दिया।

# टीम वर्क व परस्पर समन्वय के साथ सकुशल संपन्न कराएं चुनाव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र लिए नियुक्त किए गए व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक ने निर्वाचन के लिए बनाई गई एफएसटी, एसएसटी आदि टीमों के साथ बैठक की। व्यय प्रेक्षक ने जनपद में निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल ढंग से टीमवर्क व परस्पर समन्वय के साथ निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में शुक्रवार को हुई बैठक में व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक ने टीमों के सदस्यों से कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा है और अधिकारी बड़े भाग्यशाली हैं कि वह निर्वाचन की प्रक्रिया का एक हिस्सा हैं। उन्होंने टीमों के सदस्यों को निर्देश दिए सभी निरीक्षण कैमरे की निगरानी में करें। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीमें आयोग की मंशा अनुरूप निर्धारित प्रारूप व रजिस्टर बनाएं तथा निर्धारित समय सीमा में ही अपनी रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने निर्वाचन संबंधित तैयारियों की समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त किया।


कंट्रोल रूम और मीडिया सेल का निरीक्षण करते व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक।

## कंट्रोल रूम व मीडिया सेल का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** लोकसभा व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट में संचालित कंट्रोल रूम व मीडिया, सोशल मीडिया सेल, (मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति) एमसीएमसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक ने नोडल अधिकारी से एफएसटी, एसएससी, सी-विजिल आदि के संबंध में जानकारी ली। साथ ही पंजिकाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों पर समय से कार्यवाही करते हुए उनका पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मीडिया/सोशल मीडिया सेल के निरीक्षण में व्यय प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों और कार्मिकों से मीडिया एवं सोशल मीडिया पर की जा रही निगरानी के विषय में जानकारी ली। उन्हें मीडिया व सोशल मीडिया सेल द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया गया। फेसबुक, ट्विटर एक्स, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया नेटवर्क पर भी टीम सतत निगरानी की जा रही है और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर भी चैनल का लगातार अनुश्रवण किया जा रहा है। प्रेक्षक को बताया गया कि दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहे विज्ञापनों के प्रमाणीकरण के लिए एमसीएमसी कमेटी कार्यवाही कर रही है। प्रेक्षक ने इस दौरान मीडिया एवं सोशल मीडिया सेल द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# वित्त मंत्री खन्ना ने किया डोरेमोंस स्कूल का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- प्रधानाचार्य ने स्कूल में प्रवेश लेने पर दिया फीस में छूट का भरोसा

**अमृत विचार:** छोटा चौक स्थित डोरेमोंस प्ले स्कूल का शुक्रवार को नए कलेवर के साथ उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने फीता काटकर और केक काटकर स्कूल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों को सर्टिफिकेट और उपहार प्रदान कर बच्चों को आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या दीपमाला रस्तोगी ने बताया कि कैबिनेट मंत्री की सलाह पर एक सप्ताह तक स्कूल में बच्चों के प्रवेश कराने पर एडमिशन फीस में भारी छूट दी जाएगी। कक्षा छह से आठ तक की मासिक फीस में भी 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।


केक काटकर डोरेमोंस स्कूल का उद्घाटन करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना।

इससे पहले कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बच्चों के साथ केक काटा और उनको उपहार देकर मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। मंत्री खन्ना ने कहा कि बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जितनी महत्वपूर्ण भूमिका उसके अभिभावक निभाते हैं, उतनी ही भूमिका एक स्कूल भी निभाता है। स्कूल में बच्चा क्या सीख रहा है, यह उसके आस-पास के माहौल पर भी निर्भर करता है। इस अवसर पर डोरेमोंस प्ले स्कूल के मैनेजर नवनीत रस्तोगी तथा प्रधानाचार्या दीपमाला रस्तोगी ने अतिथियों का स्वागत किया। अंशिका बाथम के संचालन में चले कार्यक्रम में पार्षद कोमल रस्तोगी, पुनीत मनीषी, अभिनव गुप्ता, शेखर रस्तोगी, स्तुति राज रस्तोगी, आकांक्षा मिश्रा, रोमाना सिद्दीकी, कंचन वर्मा, विशाल कनौजिया, युवराज रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# वाहन से टकराई बाइक, बालक समेत चार घायल

**पुवायां, अमृत विचार:** विवाह समारोह से वापस लौट रहे बाइक पर सवार चार लोग घायल हो गए। इसमें एक बच्चे की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव बिचपुरी निवासी भाईलाल अपनी बाइक से नेहा पत्नी रवि, लक्ष्मी पत्नी प्रमोद एवं छह वर्षीय रविकांत पुत्र प्रमोद को बाइक से लेकर मोहम्मदी को जा रहे थे, तभी निगोही रोड पर सखी बाबा के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। जिन्हे 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर ने रविकांत की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# निर्धन परिवारों के बच्चों को चिह्नित कर स्कूलों में दिलाया प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मानवता वेलफेयर सोसाइटी अपने नाम के अनुरूप समाजसेवा में जुटी हुई है। इसी कड़ी में सोसाइटी के सदस्यों ने झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले परिवारों के बच्चों को चिह्नित कर न सिर्फ स्टेशनरी बांटी, बल्कि बच्चों का नामांकन भी स्कूलों में कराया।

मानवता वेलफेयर सोसाइटी संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने बताया कि उनका ग्रुप पिछले दो वर्षों से झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले परिवारों के सहायतार्थ काम कर रहा है। तीज-त्योहारों पर भी यहां के बच्चों को वस्त्र, खेल सामग्री, कॉपी-किताबें, खानपान सामग्री आदि बांटती रहती है। उनकी टीम के सदस्यों ने बच्चों को चिह्नित किया और शुक्रवार को उन्हें ले जाकर स्कूल में प्रवेश दिलाया। इतना ही नहीं, दो बालिकाओं को स्कूल जाने के लिए साइकिल भी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि पुवायां रोड व बूचड़ी क्षेत्र में ऐसे 16 बच्चों की तलाश की गई, जो स्कूल नहीं जा रहे थे। इसमें अधिकतर लड़कियां हैं, जो 14-15 साल तक की उम्र की हैं। आठ बच्चों को गोविंदगंज स्थित क्रिश्चियन गर्ल्स हाई स्कूल और कुछ बच्चों का प्रवेश छावनी क्षेत्र स्थित नालंदा स्कूल कैंट में कराया गया। नीरा श्रीवास्तव ने बताया कि मई में इन बच्चों के लिए मानवता की पाठशाला शुरू की जाएगी। इस वर्ष संस्था ने 100 बच्चों को स्कूल भेजने का संकल्प लिया है। अभियान में अभिषेक कुमार राना, आकाश सक्सेना आदि का सहयोग रहा।


बच्चों के बारे में जानकारी जुटाते समाजसेवी अमित श्रीवास्तव।

# प्रोजेक्ट रिपोर्ट में संभावित समाधान भी करें शामिल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग में चली दो दिवसीय प्रिपरेशन ऑफ प्रोजेक्ट रिपोर्ट कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के डॉ. केके वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों में नवाचार का दृष्टिकोण होना चाहिए।

डॉ. वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने आस पास की समस्याओं को प्रोजेक्ट का विषय बनाना चाहिए और रिपोर्ट में अन्य तथ्यों के साथ समस्या के संभावित समाधान भी शामिल करना चाहिए। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इससे पहले डॉ. कमलेश गौतम और डॉ. देवेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। बृज लाली के संचालन में चली वर्कशॉप में प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल, डॉ. गौरव सक्सेना, डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, डॉ. सचिन खन्ना आदि मौजूद रहे।


कार्यशाला के समापन पर छात्र को प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि डॉ. केके वर्मा।

- एसएस कॉलेज में प्रिपरेशन ऑफ प्रोजेक्ट रिपोर्ट कार्यशाला का समापन

चर्म रोग एवं गुर्दे की पथरी के लिए
निःशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर
दि. 22.04.24 (सोमवार) से दि. 02.05.24 तक
दवाईयों में भी 30% तक की छूट दी जायेगी।
क्या आपको पथरी है? बिना ऑपरेशन सम्भव है
पथरी का इलाज
डॉ. ब्रजेश कुमार
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन (निकट संजय नगर पेट्रोल पंप), बरेली।
9058575790
8077383286
• पथरी,
• चर्म रोग,
• बवासीर,
• बालों का झड़ना,
• सर्वाइकल,
• गुप्त रोग,
• लकवा,
• मानसिक रोग (डिप्रेशन)
होम्योपैथी से बिना ऑपरेशन पथरी निकली
प्रहलाद सक्सेना, बरेली 9 mm
अरशद, सैंथल 6 mm & 4 mm
राम, बीसलपुर 12 mm
मिलने का समय
प्रातः 11:00 से 4:00 बजे तक
सायं 06:00 से 8:30 बजे तक
रविवार
दोपहर 12 से 2 बजे तक

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582
AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी. कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow) Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- • घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- • वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, • प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, • नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, • पीलिया का इलाज, • दिमागी बुखार, • मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

# काश ! किसी ने उन्हें पटरी पर जाने से रोक लिया होता...

## गुरुवार को युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर दे दी थी जान, पिता के साथ खनपुरा पहुंची मंगेतर हुई हताश

संवाददाता, तिलहर/ शाहजहांपुर

अमृत विचारः तिलहर क्षेत्र के गांव खनपुरा निवासी लखन वर्मा की ट्रेन से कटकर मौत की खबर सुनकर उसकी होने वाली पत्नी (मंगेतर) खनपुरा पहुंची, बोली जब वह मोबाइल फेंक कर घर से निकल रहे थे, तब उन्हें आखिर रोका क्यों नहीं गया। यदि उन्हें रोक लिया होता तो वह दुनिया में होते। होने वाली पत्नी ने बताया कि उसके पिता सब्जी बेचते हैं फाइनेंस पर कार खरीदी थी। अब उसका क्या होगा। वहीं लखन के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गांव खनपुरा निवासी लखन वर्मा की शादी बदायूं के थाना उझानी के गांव भगवानपुर निवासी युवती से तय हुई थी। दोनों ने बरेली के एक कॉलेज से नर्सिंग का कोर्स इसी वर्ष कंपलीट किया था। दोनों एक-दूसरे को पहले से ही जानते थे और शादी करना चाहते थे, जिस पर परिवार के लोगों ने रजामंदी देते हुए तिलक और शादी की तारीख पक्की कर दी थी। लखन को कार की ख्वाहिश थी, इसलिए युवती के पिता ने अपनी बेटी के नाम कार फाइनेंस कराकर एजेंसी से निकाल ली थी, जिसे बुधवार को तिलक समारोह में लखन के घर पहुंचा भी दिया। युवती का कहना था कि उसके पिता सब्जी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। जैसे-तैसे व्यवस्था करके उसके लिए दहेज का सामान इकट्ठा किया था। युवती ने बताया कि गुरुवार को बरात आनी थी, तब उसने लखन के पास फोन मिलाया था, कॉल चलने के दौरान उसे लखन के परिवार में झगड़ा होने की आवाजें सुनाई दे रहीं थीं। लखन की ट्रेन से कटकर मौत की खबर सुनकर यहां पहुंचने पर उसे पता चला कि झगड़े के दौरान लखन ने अपना मोबाइल तेजी से फेंक दिया और तेज कदमों से घर के बाहर निकल गया। काश ! लखन को किसी ने रोक लिया होता तो यह घटना नहीं घटती। वह बार-बार लखन को याद कर बिलख रही थी। युवती के पिता का कहना था कि मृतक के परिवार को तो दर्द मिला है, उससे कहीं ज्यादा उसे और उसकी बेटी को भी दर्द है। इस दौरान युवक के परिजनों ने तिलक में दी गई कार व अन्य सामान लौटाने की भी बात कही है। जिस पर युवती के परिवार वाले इस मामले में कुछ दिन रुक कर बात करने की कह कर लौट गए।


रोती-बिलखतीं लखन के परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

● बोली-मेरे घर वालों से नहीं बल्कि अपने भाइयों से लखन की हुई थी तकरार

### घर न ले जाकर दफन कर दिया शव

लखन वर्मा का शव पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार शाम करीब चार बजे गांव पहुंचा, जहां परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किए जाने की पहले ही तैयारी कर ली थी। शव को घर न ले जाकर सीधे शमशान घाट ले गए क्योंकि ट्रेन से कटने के बाद शव क्षत-विक्षत हो चुका था। शमशान घाट पर शव को दफन कर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### रोते-रोते सूख चुकीं थीं आंखें

लखन की मौत पर बिलख रहीं परिवार की महिलाओं के आंख के आंसू सूख चुके थे और गला रुंध गया था। लखन की शादी में शामिल होने आईं रिश्तेदार महिलाओं का भी यही हाल था। कुछ देर को महिलाएं शांत हो जातीं तो कभी फिर से रोने लगतीं। लखन की बातें बारम्बार याद आ रहीं थीं। वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ था।

# चोरी के आरोप में दो सिपाहियों पर बालक को पीटने का आरोप

**खुटार, अमृत विचार :** दुकान से चोरी किए जाने के आरोप में थाने ले जाकर बालक को पीटने का आरोप दो सिपाहियों पर परिजनों ने लगाया है। मामले की शिकायत डीएम को पत्र भेज कर की गई है। नगर के मोहल्ला निवासी महिला ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बताया कि 18 अप्रैल को मोहल्ले में ही किराने की दुकान में रात के समय चोरी हो गई थी। चोरी के शक में उसके 10 वर्षीय पुत्र को दुकान स्वामी ने अपने पुत्र के साथ मिलकर गाली गलौज और लात घूसों से मारा पीटा था। इसके बाद पुलिस को तहरीर दे दी। कुछ देर बाद थाने से दो सिपाही घर पहुंचे और उसके पुत्र को पकड़ कर ले गए। आरोप है कि दोनों सिपाहियों ने पुत्र की पिटाई की। जिससे उसके शरीर में गुम चोटें आईं हैं और कान में भी चोट आई है। उसका पुत्र अभी तक डरा-सहमा है। उसने खाना तक नहीं खाया है। पता चला है कि मोहल्ले के ही एक किशोर ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। महिला ने ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया की पूछताछ के लिए दोनों बच्चों को थाने बुलाया गया था। परिजन बच्चों को लेकर थाने पहुंचे थे। पूछताछ के बाद बच्चों को वीडियो ग्राफी करके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था। मारपीट का आरोप निराधार है।

# पुल की रेलिंग से भिड़ी बाइक युवक की मौत, चाचा घायल

संवाददाता, जलालाबाद

● अज्ञात वाहन की साइड लगने पर हुआ हादसा, घायल की हालत गंभीर

**अमृत विचारः** जलालाबाद से मेहमानों की आवभगत के लिए सामान खरीदकर लौट रहे चाचा-भतीजा की बाइक को अज्ञात वाहन ने साइड मार दी, जिससे अनियंत्रित बाइक कोलाघाट पुल की रेलिंग से टकरा गई। हादसे में भतीजे की मौत हो गई, जबकि चाचा घायल हो गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

थाना मिर्जापुर के गांव जरियनपुर निवासी दीपक श्रीवास्तव पुत्र प्रमोद श्रीवास्तव के चाचा दुर्गेश कुमार का शुक्रवार शाम को तिलक चढ़ना था, इसलिए दीपक शुक्रवार दोपहर चाचा दुर्गेश के साथ बाइक से मेहमानों की आवभगत करने के लिए जलालाबाद से पनीर, मटर व छेना मिठाई लेने के लिए जलालाबाद आ रहा था। दोपहर करीब दो बजे बाइक कोलाघाट पुल से गुजर रही थी, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को साइड मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकराकर घिसटते हुए काफी दूर तक चली गई।

हादसे में दीपक श्रीवास्तव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दुर्गेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका एक हाथ और पैर टूट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां घायल को भर्ती कर लिया गया और दीपक के घर वालों को पुलिस ने सूचना देकर पंचनामा की कार्रवाई की। रोते-बिलखत परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। तिलक समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं।

# बढ़ा गर्मी का प्रकोप, लू के थपेड़े कर रहे बेहाल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** तापमान दिन पर दिन बढ़ता जा रहा तथा लू के थपेड़ों से लोग बेहाल हैं। इसका असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। मेडिकल कालेज में ओपीडी में बुखार, उल्टी तथा दस्त के मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। डाक्टरों, पर्चा काउंटर तथा दवा वितरण काउंटर पर मरीजों की सुबह से लंबी कतार लग जाती है।

होली के बाद से तापमान दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। दोपहर होते ही लू चलने लगती है। लू के कारण लोगों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। मेडिकल कालेज में ओपीडी में गुरुवार को 1328 पर्चे बने थे और शुक्रवार को ओपीडी में 1410 पर्चे बने। सुबह नौ बजे डॉक्टरों के कक्ष के बाहर, पर्चा काउंटर तथा दवा काउंटर पर मरीजों की लंबी कतार लग जाती है। ओपीडी में बुखार, दस्त तथा लू लगने के मरीज आ रहे हैं। इधर ट्रामा सेंटर में भी बुखार तथा दस्त के मरीज अधिक आ रहे हैं। चौबीस घंटे में करीब सवा सौ मरीज भर्ती हो रहे हैं।

वार्डों में भी बेड के लिए मारामारी है। फिजीशियन डॉ. एमएल अग्रवाल ने बताया कि बुखार तथा दस्त के मरीज अधिक आ रहे हैं। मंडिकल कालेज के अलावा सामुदायिक स्वास्थ केंद्रों पर भी बुखार, उल्टी तथा दस्त के मरीज अधिक आ रहे हैं। एसीएमओ डॉ. अंसार अली ने बताया कि रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया। टीम सीएचसी पर जाकर निरीक्षण करेंगी।

लू से कैसे करें बचावः धूप निकलते समय शरीर को पूरा ढककर रखें, बाहर से आने के बाद तुरंत ठंडा पानी न पीएं, अंगोछे से मुंह को ढककर रखें, संभव हो तो धूप में निकलने से बचें, नीबू की शिकंजी, मट्ठा आदि पीएं, ओआरएस का पैकेट लें, खुले में कार्य करते समय चेहरे आदि को ढककर रखें, प्यास लगने पर पानी पीते रहें।


मेडिकल कॉलेज में ओपीडी में मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

● मेडिकल कालेज में बुखार, दस्त के मरीज बढ़े

"बुखार तथा दस्तक के मरीज अधिक आ रहे हैं। लू से पीड़ित मरीजों के लिए पर्याप्त मात्रा में ओआरएस उपलब्ध है। बेड की संख्या बढ़ा दी जाएगी। नीबू तथा नमक घोलकर पानी पिलाएं। -**डॉ. राजेश कुमार**, प्राचार्य मेडिकल कालेज

# नगर आयुक्त ने देखी सफाई व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● नाले से निकलने वाले सिल्ट, मलवा आदि को तत्काल उठवाने के दिए निर्देश

● दुकानों के सामने अवैध रूप से कर रखे अतिक्रमण को भी हटवाने को कहा

**अमृत विचारः** नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा ने निगम अधिकारियों के साथ हनुमत धाम, केरुगंज, चारखम्बा, चौक आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की स्थिति को देखा।निरीक्षण के समय स्वच्छता कर्मियों द्वारा वार्ड में सफाई कार्य होता हुआ पाया गया। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता कर्मियों को निर्देशित किया कि महानगर में सफाई व्यवस्था को सर्वोपरि रखने के उद्देश्य से सफाई के कार्य को ईमानदारी के साथ करें। नगर आयुक्त ने नाला सफाई के कार्य की स्थिति को भी देखा।

उन्होंने कहा कि नाला सफाई के उपरांत नाले से निकलने वाली सिल्ट/मलवा आदि को तत्काल उठवा दिया जाए, जिससे जन-मानस को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हों। दुकानों के सामने अवैध रूप से कर रखे अतिक्रमण को भी हटवाने को संबंधित को निर्देश दिए। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी निर्माण आशीष त्रिवेदी, अवर अभियंता जलकल मनोज कुमार, सहायक अभियंता (पथ प्रकाश) नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।


सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा व अन्य।।

# गर्मी के साथ बढ़ी बिजली कटौती

**शाहजहांपुर, अमृत विचार,** होली के बाद से तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। पिछले तीन दिनों से चिलचिलाती धूप के साथ गर्म हवा भी शरीर झुलसा रही है। बढ़ती गर्मी के साथ बिजली कटौती भी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। अघोषित बिजली कटौती और ट्रिपिंग के कारण लोगों को घर में भी चैन नहीं मिल पा रहा है।

गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए अनुरक्षण कार्य किया गया था। दावा किया गया था गर्मी में लोगों को बिजली कटौती नहीं झेलने पड़ेगी, लेकिन अब रोजाना अघोषित बिजली कटौती और ट्रिपिंग हो रही है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। लोगों का कहना है कि सुबह होने के साथ ही बिजली की आंख मिचौली शुरू हो जाती है और देर शाम तक कई बार बिजली जाती है।

# खुली बैठक में ग्रामीणों ने उठाई दोबारा चकबंदी की मांग



खुली बैठक में पोस्टर दिखाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● ग्रामीणों ने पोस्टर दिखाकर जताया रोष

**अमृत विचारः** चकबंदी की टीम ने शुक्रवार को कांट परगना के गांव सिकंदरपुर कला में पहुंच कर खुली बैठक की। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में दोबारा से चकबंदी कराने की मांग की। ग्रामीणों ने अधिकारियों को पोस्टर दिखाकर अपना रोष जताया।

बीते दिनों ग्रामीणों ने अधिकारियों को पत्र देकर गांव में की गई चकबंदी प्रक्रिया को गलत बताते हुए तमाम आरोप लगाए थे। ग्रामीणों ने कहा था कि सीएस- 23 और पर्चा पांच बैक किया जाए।

कोरोना काल में चक काटे गए। लोगों को जानकारी नहीं थी कि कहां दिया गया है, कहां नहीं। ऐसे में लोगों को चक देने में भारी गड़बड़ी की गई है। 182 गाटा संख्या ऐसे हैं जिनकी कीमत लगाई गई, लेकिन चक में शामिल नहीं किया गया।

ग्राम समाज की जमीन को पांच सौ जगहों में बांट दिया गया। नियमानुसार यह जमीन पांच जगह होनी चाहिए थी। इस तरह की तमाम गलतियां चकबंदी प्रक्रिया में हैं।

इसलिए दोबारा से चकबंदी की जाए। इस दौरान सहायक चकबंदी अधिकारी अनिल सक्सेना, लेखपाल, कानूनगो मौजूद रहे। जबकि गांव के रमेश सिंह चौहान, ग्राम प्रधान सीता देवी, चकबंदी कमेटी के सदस्य गोविंद सिंह एडवोकेट, श्यामवीर सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# 'जो भी चाहे खरीद ले मुझको, मैं शहर की दुकान में हूं'

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● वरिष्ठ शायर अख्तर शाहजहांपुरी के आवास पर हुई ईद मिलन शेरी नशिस्त

**अमृत विचारः** मोहल्ला रंगीन चौपाल स्थित वरिष्ठ शायर अख्तर शाहजहांपुरी के आवास पर ईद मिलन के उपलक्ष्य में शेरी एवं साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में स्थानीय शायरों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देकर गजलें सुनाईं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अख्तर शाहजहांपुरी ने सुनाया- जो भी चाहे खरीद ले मुझको, मैं बड़े शहर की दुकान में हूं। असगर यासिर ने कहा- है खबर पहले भी ऐसे हो चुके हैं हादसे, डूब जाएंगे मुसाफ़िर, नाखुदा रह जाएगा। राशिद नदीम ने तरन्नुमी लहजे में सुनाया- खुद हमने ही चुने हैं ये दुश्वार रास्ते, वैसे तो दस्तरस में थीं आसानियां तमाम। हमीद खिजर ने गुनगुनाया- तुम्हें जब याद आएंगी हमारे प्यार की बातें, तो फिर तर्के ताल्लुक का सबब भी याद आएगा, राशिद हुसैन राही ने कुछ यूं कहा- जिस के साए में ठहर जाते थे दौराने सफ़र, अब तो राह का वह पेड़ भी सूखा देखा। फहीम बिस्मिल ने कहा- ज़हन ओ दिल में भर दी हैं तल्ख़ियां जो दुनिया ने, मेरा नर्म लहजा भी सबको कड़वा लगता है। इशरत सगीर ने कहा- ये आग अगर है तो जलेगा सब कुछ, जंगल में उजाले का सबब क्या होगा। मुख्य अतिथि महबूब हुसैन इदरीसी ने साहित्यिक एवं काव्य गोष्ठियों को आज की जरूरत बताते हुए युवा पीढ़ी को भी जोड़ने का सुझाव रखा। पहले असगर यासिर और फहीम बिस्मल ने नात पाक से महफिल की शुरुआत की। संचालन राशिद नदीम ने और मेजबान अख्तर शाहजहांपुरी ने आभार व्यक्त किया।


वरिष्ठ शायर अख्तर शाहजहांपुरी के आवास पर काव्यपाठ करते शायर। ● अमृत विचार

# डीसीएम की टक्कर से बाइक चकनाचूर

**अल्हागंज।** फर्रुखाबाद के आवास विकास निवासी टाइल मिस्त्री अंकित क्षेत्र के गांव राज किराया में अपना काम निपटाकर बाइक से शनिवार शाम अपने घर जा रहे थे। बाइक पर उनके पीछे उसकी सहयोगी शंकर यादव भी थे। शाम सात बजे जैसे ही बाइक बाईपास की तरफ मुड़ी, वैसे ही जलालाबाद की तरफ से आ रही डीसीएम ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों सड़क के किनारे जा गिरे। जिससे उनके हाथ की उंगली में चोट लगी। डीसीएम बाइक को चकनाचूर करते हुए फर्रुखाबाद की तरफ भाग गई। इसके पूर्व डीसीएम ने बस स्टेशन के पास ही साइकिल चालक को भी टक्कर मारी थी, जिसमें उसकी साइकिल टूट गई। वह बाल बाल बच गया।

OAKWOOD WORLD SCHOOL
TRANSFORMING LIVES.... REALIZING POSSIBILITIES
A GROUP OF CHANGE
OAKWOOD WORLD SCHOOL
CO-ED ENGLISH MEDIUM SCHOOL
ADD:- BANDA POWAYAN ROAD NEAR BASANTPUR GURUDWARA RAMPUR HEERA, BANDA (SPN)
ADMISSION OPEN
FOR NEW SESSION CLASSES P.G. TO ONWARD
Powered By: Shri Anil Sudha Educational Trust
LUSH GREEN NATURAL CAMPUS ABODE OF PEACE
HURRY UP! Limited Seats Available

शिक्षा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम
आलोक मिश्रा
All Routes in 25 Km. Radius from School
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
Contact Us:- 7237964808 9235033696
E-mail: oakwoodworldsschoolnew@gmail.com
visit us at: oakwoodworldschool.co.in

